भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *207

जिसका उत्तर 13.03.2025 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग-727 को चार लेन का बनाना

* 207. श्री सुनील कुमार:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बगहा से छपवा तक राष्ट्रीय राजमार्ग-727 को चार लेन का राजमार्ग बनाए जाने का विचार है, यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है;

(ख) क्या बगहा से बेतिया तक चार लेन की सड़क के निर्माण को प्रथम चरण के तहत मंजूरी दी गई है, यदि हां, तो इसके प्रस्तावित नए संरेखण का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का उक्त चार लेन वाली सड़क पर यातायात की भीड़ कम करने के लिए बगहा और बेतिया दोनों स्थानों पर बाईपास बनाने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो उक्त सड़क के लिए निविदा प्रक्रिया कब तक आरंभ होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

"राष्ट्रीय राजमार्ग-727 को चार लेन का बनाना" के संबंध में श्री सुनील कुमार द्वारा पूछे गए दिनांक 13.03.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *207 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-727 के छपवा-बेतिया-बगहा खंड (90 किमी) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया है, जो वर्तमान में 2 लेन एनएच मानकों के अनुरूप है। छपवा-बेतिया खंड के लिए डीपीआर परामर्श के लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। बेतिया-बगहा खंड की डीपीआर तैयार करने के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति कर दी गई है।

*****